This question paper contains 8 printed pages]

*Your Roll No.* ...............

**3472**

**LL.B./VI Term** **B**

Paper LB—6044 : LAW RELATING TO ELECTIONS

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी **या** हिंदी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

Attempt any *Five* questions.

*All* questions carry equal marks.

कुल **पाँच** प्रश्न कीजिए ।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।

1. Explain the term 'office of profit under the government' as used in Article 102 (1) (a) of the Constitution of India. Discuss whether

the following persons are disqualified under Articles 102 (1) (a) or 191 (1) (a) :

(*i*) Auditor in a government company

(*ii*) The comptroller and Auditor General of India.

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 102 (1) (a) में प्रयुक्त 'सरकार के अधीन लाभ का पद' की व्याख्या कीजिए । क्या निम्नलिखित व्यक्ति अनुच्छेद 102 (1) (a) या 191 (1) (a) के तहत अयोग्य हैं :

(*i*) एक सरकारी कम्पनी में लेखा-परीक्षक

(*ii*) भारत के महालेखा परीक्षक ।

2. Discuss whether the following constitute corrupt practice under the R.P. Act, 1951 :

(*a*) X was accompanied by the Jagatguru of Vishwanath Temple, Varanasi and in his speeches the Jagatguru exhorted his followers to vote for X as he was a good Hindu and a devotee of Lord Shiva.

(*b*) X told the voters during his election campaign that if he is elected to the Assembly he will create a Hindu state in Gujarat.

क्या निम्नलिखित आर.पी. एक्ट 1951 के अधीन भ्रष्ट व्यवहार गठित करते हैं :

(*a*) 'X' वाराणसी के विश्वनाथ मंदिर के जगतगुरु के साथ साँठ-गाँठ किया तथा अपने भाषण में जगतगुरु ने उसे एक अच्छा हिंदू और भगवान शिव का भक्त बताते हुए उसके पक्ष में मतदान करने को कहा ।

(*b*) 'X' ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान मतदाताओं से कहा कि यदि वह विधान सभा के लिए चुन लिया जाएगा तो गुजरात में एक हिंदू राज्य की स्थापना करेगा ।

3. (*a*) A, B, C were candidates at the U.P. legislative assembly elections. A, B and C polled 31,755; 31,421 and 19,855 votes respectively. A was declared elected. His election is challenged on the ground of improper acceptance of C's nomination paper since C was holding an office of profit. Decide whether A's election can be set aside citing relevant judicial precedents.

(*b*) Discuss the role played by the Supreme Court of India in safeguarding the voters' right to know the antecedents of candidates at elections despite resistance by political parties.

(*a*) 'A', 'B' तथा 'C' उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनाव में उम्मीदवार हैं । 'A', 'B' तथा 'C' को क्रमशः 31,755; 31421 तथा 19855 मत प्राप्त हुए । 'A' को चयनित घोषित किया गया । उसके चयन को इस आधार पर चुनौती दी गयी 'C' का नामांकन स्वीकृति अनुचित था क्योंकि उस समय वह लाभ का पद धारण करता था । सुसंगत वादों का हवाला देते हुए विवेचना कीजिए कि क्या 'A' का चुनाव को खारिज किया जा सकता है ?

(*b*) राजनीतिक पार्टियों के विरोध के बावजूद उम्मीदवार के बारे में, जानने के मतदाताओं के अधिकार के संरक्षण में उच्चतम न्यायालय की भूमिका की विवेचना कीजिए ।

4. (*a*) What is the period of limitation for filing an election petition under the R.P. Act, 1951 ? Can the High Court condone delay in filing of an election petition ? Can a lawyer present an election petition in the High Court on behalf of the election petitioner ?

(*b*) Critically analyse the statutory provisions and leading cases relating to disqualification on the ground of conviction for certain offences.

(*a*) आर. पी. अधिनियम, 1951 के अधीन चुनाव याचिका दाखिल करने की परिसीमा अवधि क्या है ? क्या उच्च न्यायालय चुनाव याचिका में हुई देरी को माफ कर सकता है ? क्या एक अधिवक्ता उच्च न्यायालय में चुनाव याचिका के आधार पर चुनाव याचिका प्रस्तुत कर सकता है ?

(*b*) सुनिश्चित अपराधों में दोषसिद्धि के आधार पर अयोग्यता के सम्बन्ध में सांविधिक प्रावधानों और मार्गदर्शक वादों का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।

5. Discuss the powers and functions of the Election Commission under the Constitution and the R.P. Act, 1951. Is there any difference between the status of the Chief Election Commissioner vis-a-vis other Election Commission under the Constitution ?

संविधान तथा आर. पी. एक्ट, 1951 के अधीन चुनाव आयोग की शक्तियों और कार्यों की विवेचना कीजिए । क्या भारतीय संविधान में मुख्य चुनाव आयुक्त तथा अन्य चुनाव आयुक्तों की प्रास्थिति में कोई अन्तर है ?

6. Discuss the salient features of the anti-defection law in India. Eleven ministers in the BJP government in Karnataka write letters to the Governor of the state expressing their disillusionment with the corrupt Chief Minister of the state. They also request the Governor to take necessary action as the Constitutional head of the state. Will the ministers incur disqualification under the Tenth schedule of the Constitution of India ?

भारत में दल-बदल विधान के मुख्य लक्षणों की विवेचना कीजिए। कर्नाटक में भारतीय जनतापार्टी सरकार के ग्यारह मंत्रियों ने राज्यपाल को पत्र लिखकर भ्रष्ट मुख्यमंत्री से अपने मोहभंग का आशय स्पष्ट किया । उन्होंने राज्यपाल से राज्य में सांविधानिक प्रमुख के रूप में आवश्यक कदम लेने की प्रार्थना भी की । क्या मंत्रीगण भारतीय संविधान के दसवीं अनुसूची के अधीन अयोग्यता से ग्रसित हो गये हैं ।

7\. (*a*) D has a contract with the state government for construction of a road. Can D contest elections to the State Assembly if :

(*i*) D has completed his part of the contract but the government has not made full payment.

(*ii*) The contract was entered into without complying with the provisions of Article 299 of the Constitution of India.

(*b*) Discuss the powers of the courts regarding delimitation of Constituencies in India.

(*a*) 'D' के पास राज्य सरकार के साथ सड़क निर्माण की संविदा है । क्या 'D' राज्य विधान सभा का चुनाव लड़ सकता है, यदि

(*i*) 'D' ने संविदा के तहत अपना कार्य पूरा कर लिया है, परन्तु सरकार ने अभी पूर्ण अदायगी नहीं की है ।

(*ii*) संविदा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 299 के प्रावधानों के अनुपालन में की गयी थी ।

(*b*) भारत में संसदीय क्षेत्र के सीमानिर्धारण में न्यायालय की शक्तियों की विवेचना कीजिए ।

8. Write short notes on any *two* of the following :

   (*a*) Publication of false statement in relation to the personal character or conduct of a candidate as a corrupt practice under the R.P. Act, 1951.

   (*b*) Necessary parties to an election petition and consequences of non-joinder of such parties.

   (*c*) Grounds and forum for challenging a Vice President Election.

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

   (*a*) आर. पी. अधिनियम 1951 के अधीन भ्रष्ट कार्य के रूप में उम्मीदवार के व्यक्तिगत आचरण या व्यवहार के सम्बन्ध में झूठे कथन का प्रकाशन ।

   (*b*) चुनाव याचिका के आवश्यक पक्षकार तथा ऐसे पक्ष को पक्षकार न बनाए जाने का परिणाम ।

   (*c*) उपराष्ट्रपति चुनाव को चुनौती देने के आधार तथा न्यायालय।